**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.06.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **दुनिया भर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस– प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित।**
- **राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने योग को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास करने पर दिया बल।**
- **राज्य सरकार मैडिकल कॉलेजों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च करेगी एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि।**
- **देश–विदेश में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई नीट परीक्षा– 22 लाख से अधिक उम्मीदवार हुए शामिल।**

**योग दिवस**

दुनिया भर में आज 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश–विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक लोगों ने योग दिवस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...........

*बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हिमाचल प्रदेश के लोगों में उत्साह देखा गया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित योग सत्र में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। राज्यपाल ने योग को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास करने पर बल दिया ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सके। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के एक सौ 89 देशों में मनाया जाता है।*

*रिज मैदान पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं हमीरपुर के अणु में आयोजित राज्यस्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने करीब 2 हज़ार लोगों के साथ योगाभ्यास किया। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।*

*रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार, शिमला।*

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्वव्यापी जन आंदोलन बनाया है। शिमला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार बन गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत की ये प्राचीन परंपरा पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा और स्वस्थ जीवन का आधार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आज दुनियाभर से लाखों लोग योग और

वेलनेस से जुड़ने के लिए भारत आ रहे हैं और ऋषिकेश, वाराणसी व मैसूर जैसे योग केन्द्रों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है, जिससे वेलनेस टूरिज्म सुदृढ़ हुआ है।

**शिलान्यास**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के जोल सप्पड़ स्थित मैडिकल कॉलेज में करीब 35 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया। उन्होंने इसी परिसर में नवनिर्मित अस्पताल ब्लॉक, अकादमिक ब्लॉक सहित अन्य निर्माणाधीन भवनों के कार्यों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मैडिकल कॉलेजों की प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए एक सौ 50 करोड़ रूपए का प्रावधान कर रही है। इस राशि से इन प्रयोगशालाओं में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बड़े पैमाने पर डॉक्टरों, प्रोफैसरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी भर्ती कर रही है।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा है कि हमीरपुर के नादौन में करीब एक सौ 25 करोड़ रूपए से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम को इसी वर्ष प्रदेश के खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा। वे हमीरपुर के अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में युवा खिलाड़ियों व अन्य बच्चों के साथ आज एक संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस इंडोर स्टेडियम में 14 तरह की खेल गतिविधियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए करोड़ों रूपए की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया है।

**नीट परीक्षा**

नीट–यू.जी. 2026 की पुनर्परीक्षा आज कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच आयोजित की गई। परीक्षा देश के 5 सौ 51 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित हुई। इसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसमें सी.सी.टी.वी. निगरानी, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और प्रश्न–पत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए जी.पी.एस. युक्त वाहनों के साथ पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था शामिल थी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक आयोजित की गई। यह अंग्रेजी सहित 12 भारतीय भाषाओं में संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारु, सुरक्षित और पारदर्शी संचालन के लिए 2 लाख से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया।

**मंजूरी**

राज्य सरकार ने ऊना ज़िले के टाहलीवाल फायर पोस्ट को सब–फायर स्टेशन में स्तरोन्नत करने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही इस स्टेशन में 16 नए पदों के सृजन सहित 2 अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था करने को भी स्वीकृति दी गई है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस निर्णय से टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र सहित पूरे हरोली विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन व आपदा प्रबंधन सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में समग्र विकास व बेहतर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

**अनिरूद्ध सिंह**

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि पारंपरिक मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की जनेड़घाट पंचायत के भलावग में आज एक मेले

के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों के आपसी मेल–मिलाप के साथ–साथ सामुदायिक व व्यापारिक आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को भी पूरा करते हैं। स्थानीय विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों व पेयजल विकास सहित कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि नाहन मैडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार चरमरा रही हैं। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार 4 वर्षों में इस मैडिकल कॉलेज के भवन निर्माण के रूके हुए कार्य को शुरू नहीं करवा पाई जबकि प्रदेश के अन्य मैडिकल कॉलेजों के भवन लगभग तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि नाहन मैडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी से मरीज़ों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

**सुरेश कश्यप**

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत को विश्व मंच पर सम्मानजनक स्थान दिलाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस इस बात का प्रमाण है कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक और कूटनीतिक शक्ति लगातार बढ़ रही है और देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है।

**सीबीएसई–स्कूल**

राज्य सरकार ने प्रदेश के एक सौ 51 स्कूलों को सीबीएसई से सम्बद्ध किया है, जिनमें शिमला जिले के 24 स्कूल शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार इन स्कूलों में खेल, कला, संस्कृति, संचार कौशल, सूचना प्रौद्योगिकी और जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस पहल से सरकारी विद्यालयों में ही आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- दुनिया भर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस– प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने योग को हर घर तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास करने पर दिया बल।
- राज्य सरकार मैडिकल कॉलेजों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च करेगी एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि।
- देश–विदेश में कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई नीट परीक्षा– 22 लाख से अधिक उम्मीदवार हुए शामिल।